जल आयोग व आइआइटी रुड़की ने किया समझौता

नई दिल्ली : केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) और आइआइटी रुड़की ने जल संसाधन प्रबंधन और शहरी बाढ़ प्रबंधन के मुद्दों से निपटने के लिए दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पर केंद्रीय जल आयोग के अध्यक्ष कुशविंदर वोहरा व आइआइटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर कमल किशोर पंत ने हस्ताक्षर किया। पहला एमओयू जल संसाधन प्रबंधन को बढ़ाने पर केंद्रित है। प्रमुख पहलों में सिंचाई दक्षता का आकलन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत फसल वाले क्षेत्रों का मानचित्रण करना शामिल है। दूसरा एमओयू, शहरी क्षेत्र में बाढ़ प्रबंधन को लेकर है। इसमें पूर्वानुमान और शहरी बाढ़ जोखिम प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करना है। (प्रेट्र)

nwda.gov.in